an>

Title: Need to improve health care facilities under National Health Mission in Pratapgarh Parliamentry Constituency, Uttar Pradesh.

कुँवर हरिवंश सिंह (प्रतापगढ़) ः मैं सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र प्रतापगढ़ (उ.प्र.) में खराब चिकित्सा व्यवस्था की तरफ आकर्षित करना चाहता हूँ। जिला अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट सहित चिकित्सकों व पैरामेडिकल स्टाफ की बेहद कमी है। ग्रामीण क्षेत्रों के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर भी चिकित्सक व स्टाफ की बेहद कमी है जबकि उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक अपराधिक घटनाओं वाले जनपद में मरीजों को तुरंत इलाहाबाद और लखनऊ रेफर कर दिया जाता है।

जिला सतर्कता निगरानी समिति की बैठक में यह भी स्पष्ट हुआ कि 50 प्रतिशत चिकित्सक इलाहाबाद और लखनऊ रहकर केवल वेतन प्राप्त करने मुख्यालय पर आते हैं। केंद्र सरकार द्वारा जिला स्वास्थ्य निगरानी सतर्कता समिति की बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी, प्रमुख अधिकारी नदारद रहे। केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का क्रियान्वयन भी बैठक में स्पष्ट नहीं किया गया।

जिले में नवीन भवन निर्माण में 75 लाख के उपकरण खरीद का मामला भी संज्ञान में लाया गया कि व्यय विवरण संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। ऐसे ही नवनिर्मित सामुदायिक केन्द्रों, ट्रामा सेंटरों का मुझे बिना जानकारी दिए ही भूमि-पूजन कार्यवाही स्थानीय अधिकारियों द्वारा करवा दी गई। यह भी चिंताजनक है।

अतः मेरा माननीय मंत्री जी से अनुरोध है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की खराब स्थिति की जांच कराते हुए जिले में रेडियोलॉजिस्ट, चिकित्सकों व पैरामेडिकल स्टाफ की तैनाती करायें एवं अस्पताल में Thumb impression attendance machine (Biometrics) लगाई जाये एवं बेहतर चिकित्सा प्रबंधन हेतु आवश्यक कदम उठाए जाएं।

HON. SPEAKER: The House stands adjourned to meet again on Thursday, the 15th December, 2016 at 11.a.m.

12.21 hours

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock

on Thursday, December 15, 2016/Agrahayana 24, 1938 (Saka).

---

* ण्ड्ढ म्श्द अ ड्ढद्धत्ड्ढड्ड ड्डडद्दध्ड्ढ ण्ड्ढ दड्डड्ढ द्दढ ड्ड ग्ड्ढश्ड्ढड्ढद्ध त्दड्डत्हड्डय्ड्ढद्म् ण्ड्डद्य् ण्ड्ढ द्र्वड्ढद्य्त्द्दद ड्ढद्म् ड्डहय्द्वड्डथ्न् ड्डत्ड्ढड्ड द्दद ण्ड्ढ ढथ्द्दद्ध द्दढ ण्ड्ढ Hद्दद्वम्ड्ढ ड्ढ्न् ण्ड्डद्य् ग्ड्ढश्ड्ढड्ढ.

* Lड्डत्ड्ड द्दद ण्ड्ढ ड्ढडथ्ड्ढ ड्डदड्ड ड्डम्द्द द्रथ्ड्डहड्ढड्ड त्द L्ड्ढड्डड्ढन्, च्ड्ढड्ढ ग्द्द. Lच्र् 5902/16/16

* ग्द्दद्य् ड्ढड्ढहद्दड्ढड्डड्ढड्ड

* ग्द्दद्य् ड्ढड्ढहद्दड्ढड्डड्ढड्ड

* ग्द्दद्य् ड्ढड्ढहद्दड्ढड्डड्ढड्ड

* ड्ढड्ढड्डथ्ड्ढड्ड ड्डम्र् Lड्डत्ड्ड द्दद ण्ड्ढ ड्ढडथ्ड्ढ